राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

लिखित परीक्षा हेतु निर्देश

1. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं । परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी भी झांसे/बहकावे में नहीं आवें । किसी भी प्रकार से नकल करने का प्रयास न करें । नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं संस्थान की आगे आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है ।

2. रेंल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें । परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है ।

3. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1½ घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा–कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें । परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय के पश्चात् किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

4. परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जावेगा । इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें । परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रवेश–प़त्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा वोटर आई डी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से एक साथ लावें।

5. परीक्षा में ओ.एम.आर.शीट (O.M.R. Sheet) का प्रयोग किया जावेगा । O.M.R. Sheet में उत्तर एवं अन्य सूचनाएं अंकित करने हेतु अपने साथ नीले अथवा काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉल पेन लावें । इसके अलावा अन्य कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लाना निषिद्ध है । ओ.एम.आर. शीट में उत्तर हेतु दर्शाये गये खाली स्थान पेन द्वारा नीली/काली स्याई से ही भरना है।

5. परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह का सामान जैसे Mobile, Blue-Tooth Devices, Ear-Phone, E-Pen,E-Watch, Tabs, Spy-Camera, Camera, Calculator, Books, Notes, Purse, Hand-Bag, any Electronic Device आदि निषिद्ध है।

6. परीक्षा केन्द्र पर जूते, जुराब, जैकेट, कोट, शॅाल आदि पहन कर नही आवें तथा परीक्षा परिसर में प्रवेश करने से परीक्षा सम्पन्न होने तक चेहरा ढका नही होना चाहिये, अन्यथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जावेगा ।

7. परीक्षा कक्ष में वार्तालाप पूर्णःतया वर्जित है।

8. परीक्षा आयोजन के बाद यथा समय संस्थान द्वारा उत्तर कुंजी संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड की जावेगी उत्तर कुंजी अपलोड होने के 48 घण्टे की अवधि में प्रश्न पत्र/उत्तर कुंजी पर आपत्तियां आमंत्रित की जावेंगी ।

9. प्रत्येक प्रश्न/उत्तर कुंजी के लिए परीक्षार्थी को शुल्क रू. 100/– (रू. एक सौ मात्र) संस्थान खातें (Account No. 1402150011, Name of Bank: Central Bank of India, IFSC Code: CBIN0283634, Account Name: National Institute of Ayurveda, Branch: NIA, Jorawar Singh Gate, Amer Road, Jaipur) में RTGS द्वारा जमा कर रसीद के प्रमाण के साथ प्रार्थना पत्र E-Mail: director.nia@gov.in द्वारा प्रस्तुत करना होगा अन्यथा कोई भी आपत्ति स्वीकार नही होगी।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nia.nic.in का नियमित रूप से अवलोकन करतें रहें ।